भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 6382
गुरुवार 2 अप्रैल, 2026/12 चैत्र, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

डाबोलिम विमानपत्तन पर नागरिक विमान परिचालन

6382. कैप्टन विरयाटो फर्नांडीस:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या डाबोलिम विमानपत्तन पर नागरिक/वाणिज्यिक उड़ान परिचालन बंद करने संबंधी कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो इस निर्णय का ब्यौरा और पृष्ठभूमि क्या है;

(ख) क्या इस प्रकार के निर्णय लेने से पहले गोवा राज्य सरकार से परामर्श किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:

(ग) क्या सरकार का डाबोलिम विमानपत्तन को नागरिक विमान संचालन के लिए घरेलू विमानपत्तन में बदलने का विचार है और यदि हां, तो क्या राज्य सरकार को इस निर्णय की जानकारी है अथवा उसने अपनी सहमति दे दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार द्वारा डाबोलिम विमानपत्तन को सैन्य और नागरिक दोनों विमानों के लिए चालू रखने के संबंध में पहले कोई निर्णय लिया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है; और

(ङ) देश में ऐसे सैन्य विमानपत्तन की कुल संख्या कितनी है जहां से सैन्य और नागरिक दोनों प्रकार के विमानों का संचालन होता हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ) : डाबोलिम हवाईअड्डा, अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा है जो भारतीय नौसेना के अधिकारक्षेत्र में है और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण इस सिविल एन्क्लेव का रखरखाव करता है। इस हवाईअड्डे पर सैन्य और सिविल दोनों तरह के प्रचालन किए जाते हैं।

वर्तमान में, इस मंत्रालय में डाबोलिम हवाईअड्डे पर सिविल/वाणिज्यिक उड़ान परिचालन को बंद करने या इसको घरेलू हवाईअड्डे में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ङ) : वर्तमान में, देश में 33 सिविल एन्क्लेव विद्यमान हैं।

******